तापमान
अधिकतम 43.2 डिग्री
न्यूनतम 24.16 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 मई 2025

12 करनाल: सालवन में मनी महाराणा प्रताप जयंती



12 नए शिक्षा सत्र में छात्रों को मिलेंगे नए पाठ्यक्रम





**खबर संक्षेप**

## विधानसभा अध्यक्ष की चाची के निधन पर शोक

**करनाल।** पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला,पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, होडल के विधायक हरिंदर सिंह, विधायक बलराम डांगी, विधायक पवन खरखौदा, फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, उचानाकला के विधायक देवेन्द्र अत्री, हथीन के विधायक मोहम्मद इजराइल, विधायक जस्सी पेटवाड़ , विधायक लक्ष्मण यादव, विधायक उमेद लोहान ने शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

बता दें कि स्वर्गीय श्रीमती गुरु बचनी देवी का निधन 18 मई को हो गया था। स्वर्गीय श्रीमती गुरुबचनी देवी जी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज शुक्रवार को अनमोल गार्डन में दोपहर 1 बजे से लेकर 2 बजे किया जाएगा।

## भागवत कथा में प्रवचन सुन भाविभोर हुए भक्त

**घरौंडा।** ब्राह्मण धर्मशाला स्थित भगवान परशुराम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा मे प्रवचन करते हुए पंडित श्री कृष्ण कौशिक वृंदावन वाले ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा में आत्म देव व धुंधकारी के जीवन चरित्र के बारे में वर्णन करते हुए अपने प्रवचन में कहा कि बहुत पहले की बात है, आत्मदेव नामक एक ब्राह्मण थे। वे विद्वान, धर्मनिष्ठ, सदाचारी थे, परंतु उनकी पत्नी धुंधुलि बहुत क्रूर, लोभी और कलहप्रिय थी। दोनों के बीच स्वभाव का विरोध था।

## पालिका के करोड़ों रुपये सौंदर्यीकरण पर खर्च

**तरावड़ी।** कई महीने पहले नगरपालिका ने शहर के बीच से गुजरने वाली माइनर नहर को करोड़ों रूपये लगाकर सौन्दर्यकरण किया था। ताकि उसके आसपास के लोग उस पर सुबह शाम सैर कर सके लेकिन लोगों उसपर अतिक्रमण कर लिया है। तरावड़ी फ्लाईओवर से लेकर दयानगर बस्ती से होते हुए वार्ड नंबर 6 और 7 की माइनर पर करोड़ों रुपए लगाकर सौंदर्यकरण किया गया था। जो कि आज अतिक्रमण की भेंट चढ़ता जा रहा है। लोगों ने मांग की है की पूरी सडक़ पर सभी पर एक समान रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए। कुछ लोगों ने बताया कि सडक़ पर रखे बड़े-बड़े कचरे और ढेरों में बरसाती दिनों में सांप भी घुस जाते हैं। जिससे आम लोगों को जान माल का खतरा बन जाता है।

## जेल के पास ज़मीन में दबा मिला मोबाइल फोन

**करनाल।** जिला जेल करनाल में सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवालिया निशान लग गए हैं। बुधवार शाम नियमित तलाशी अभियान के दौरान बैरक नंबर-4 के सामने ज़मीन में छिपाया गया एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। यह फोन दूध के पैकेट में लपेटकर ज़मीन में दबाया गया था। हालांकि फोन में सिम कार्ड नहीं मिला, लेकिन जेल जैसी सुरक्षित जगह में इसकी मौजूदगी ने जेल प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 6 बजे जेल प्रशासन द्वारा चलाए गए नियमित तलाशी अभियान में नॉन-लिनियर जंक्शन डिटेक्टर और डीप सर्च मेटल डिटेक्टर का उपयोग किया गया।

### 12 प्लॉट से नगर निगम को 81 लाख 53 हजार 500 रुपये की आय होगी

# निगम ने कृषि योग्य सरकारी जमीन को एक वर्ष के लिए ठेके पर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम में सम्मलित गांवों में उपलब्ध कृषि योग्य सरकारी जमीन को एक वर्ष केलिए ठेके पर दिया गया है। नगर निगम कार्यालय के सभागार में निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा द्वारा गठित कमेटी ने उचाना, फूसगढ़, झंझाडी, जरीफा विरान तथा कैलाश गावों की बोली करवाई। बोली में इन गावों के 13 प्लॉट शामिल थे, जिनका कुल रकबा 134 एकड़ 1 कनाल 17 मरले था। इनमें से गांव जरीफा विरान का 6 एकड़ 2 कनाल 11 मरले के एक प्लॉट की बोली नहीं लगाई गई। शेष 12 प्लॉट से नगर निगम को 81 लाख 53 हजार 500 रुपये की रिकॉर्ड सालाना आय होगी। खास बात की जानकारी देते निगमायुक्त ने बताया कि इस बार गांव फूसगढ़ का जनरल केटेगरी का एक प्लॉट जिसका कुल रकबा 12 एकड़ 3 कनाल 15 मरले है, को 12 लाख 90 हजार रुपये यानि प्रति एकड़ करीब 1 लाख 4 हजार रुपये में पट्टे पर दिया गया है, जो कि अब तक की सर्वाधिक राशि है। इसके अतिरिक्त इसी गांव का ही एस.सी. केटेगरी का एक अन्य प्लॉट जिसका कुल रकबा 4 एकड़ 3 कनाल 7 मरले है, को 4 लाख 30 हजार रुपये यानि प्रति एकड़ करीब 1 लाख रुपये में पट्टे पर दिया गया है। यह भी अब तक की सर्वाधिक राशि है। उन्होंने बताया कि बोली की कार्यवाही करीब 11 बजे शुरू हुई, जो सांय 4 बजे तक चली। नगर निगम के सचिव बल सिंह ने बोली देने आए व्यक्तियों को शर्तें बताई। शर्तों के अनुसार बोली एक वर्ष के लिए अर्थात मई 2025 से अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसी प्रकार गांव कैलाश की भूमि की बोली में एक ही प्लॉट था, जिसका रकबा 6 एकड़ 5 कनाल 13 मरले है। यह 1 लाख 40 हजार रुपये में जनरल केटेगरी के व्यक्ति के पास गया है। गांव झंझाड़ी के 2 प्लॉट थे, जिनका कुल रकबा 5 एकड़ 6 कनाल 4 मरले है, को 3 लाख 75 हजार रुपये में दिया गया है। इसका एक प्लॉट जनरल तथा एक प्लॉट एस.सी. केटेगरी के व्यक्ति के पास गया है। गांव जरीफा विरान के 2 प्लॉट शामिल थे, परंतु इनमें से एक प्लॉट की ही बोली सम्पन्न हुई। दूसरे प्लॉट की किसी भी व्यक्ति ने बोली नहीं दी। जो प्लॉट पट्टे पर दिया गया है, उसका रकबा 7 एकड़ 3 कनाल 5 मरले है, जो 1 लाख 47 हजार रुपये की राशि पर जनरल केटेगरी के व्यक्ति के पास गया है। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों में गांव जरीफा विरान के एक प्लॉट सहित अन्य प्लॉटों की भी बोली करवाई जाएगी।



करनाल। जमीन को ठेके पर देने की कार्यवाही के दौरान मौजूद अधिकारी।

### बोलीदाता को करनी होगी संपूर्ण देखभाल

भूमि में खड़े पेड़, डोल, सिंचाई के नलकूप, खाल इत्यादि व अन्य कोई भी भवन की रखवाली सम्बंधित सफल बोलीदाता को ही करनी होगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के नियमानुसार ही फसल की बुआई की जाएगी। फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों में आग नहीं लगाई जाएगी तथा किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा की स्थिति में नुकसान के जिम्मेवार वे स्वयं होंगे। उन्होंने बताया कि बोली में कुल 33 बोलीदाताओं ने भाग लिया। पहले बोलीदाताओं द्वारा 50 हजार रुपये की धरोहर राशि जमा करवाई गई। इसके बाद बोली की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

### 12 बोलीदाताओं ने 6 लाख रुपये राशि की जमा

सफल रहे 12 बोलीदाताओं की ओर से 6 लाख रुपये की राशि नगर निगम में जमा करवाई गई। सफल बोलीदाताओं को शेष राशि एकमुश्त जमा करवाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। पूरी राशि जमा करवाने के बाद ही भूमि का कब्जा दिया जाएगा। बोली की जानकारी देते उन्होंने बताया कि सबसे पहले गांव उचाना की बोली करवाई गई। इसमें 5 प्लॉट शामिल थे, जिनका कुल रकबा 85 एकड़ 7 कनाल 2 मरले है, को 55 लाख 78 हजार 500 रुपये में पट्टे पर दिया गया है। इस भूमि के 3 प्लॉट जनरल तथा 2 प्लॉट एस.सी. केटेगरी के व्यक्तियों के पास गए हैं। इसके बाद गांव फूसगढ़ की भूमि की बोली करवाई गई। इसमें 3 प्लॉट शामिल थे, जिनका कुल रकबा 22 एकड़ 1 कनाल 2 मरले है, को 19 लाख 11 हजार रुपये में दिया गया है। इस भूमि के 2 प्लॉट जनरल तथा 1 प्लॉट एस.सी. केटेगरी के व्यक्ति के पास गए हैं।



करनाल। पेहरावर में आज होने वाली सीएम की रैली की तैयारी करते भाजपाई।

## करनाल से हजारों लोग पहुंचेंगे पहरावर: सुरेंद्र

- राज्य स्तरीय परशुराम जयंती समारोह को लेकर भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के पेहरावर में तीस मई को होने वाले राज्य स्तरीय श्री भगवान परशुराम जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए करनाल से हजारों लोग पहुंचेंगे। इस सम्मेलन के संयोजक तथा प्रदेश के पर्यटन, जेल एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की मुहिम को करनाल में व्यापक समर्थन मिल रहा है।करनाल के ब्राह्मण धर्मशाला में पत्रकारों से बात करते हुए सर्व ब्राह्मण सभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने बताया कि इस सम्मेलन को लेकर डॉ शर्मा रात दिन प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि लोगो की हाजरी के नजरिए से यह सम्मेलन अब तक सबसे विराट सम्मेलन होगा। जो कई प्रकार से इतिहास रच देगा। इस सम्मेलन में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली करेंगे। इसके अलावा कई प्रदेशों से , उप मुख्यमंत्री, सांसद,विधायक, मंत्री और कई बड़े चेहरे इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रवक्ता किशोर नागपाल ने बताया कि इस सम्मेलन को लेकर प्रदेश के सीनियर कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा के दौरे से प्रदेश भर में राज्य स्तरीय श्री भगवान परशुराम जयंती समारोह को लेकर भारी उत्साह दिखाई दे रहा है।

## सीएम की सादगी के कायल हुए ग्रामीण

- सालवन गांव से लौटते समय मुख्यमंत्री का काफिला अचानक गांव फफड़ाना व जलमाना में रुका
- ग्रामीणों का जाना हालचाल, युवाओं ने ली मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज असंध के गांव सालवन में आयोजित राज्य स्तरीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह से लौटते वक्त गांव फफड़ाना व जलमाना में अचानक अपना काफिला रुकवाया और ग्रामीणों से मिले। अचानक अपने बीच मुख्यमंत्री को देखकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। ग्रामीण उनके सौम्य स्वभाव व सादगी के कायल हो गए। मुख्यमंत्री ने लोगों का हाल चाल जाना और बच्चों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। सैनी ने अपना काफिला रूकवा कर फफड़ाना गांव में पेड़ के नीचे बैठे ग्रामीणों के पास पहुंचे तथा उनका कुशलक्षेम जाना और विकास कार्यों पर चर्चा की। इसके बाद करनाल आते समय अचानक जलमाना गांव में मुख्य बस अड्डे के आगे काफिला रुकवाया और ग्रामीणों तथा दुकानदारों से बातचीत की।मुख्यमंत्री ने आम आदमी की तरह ग्रामीणों के बीच खड़े होकर बातचीत की। लोगों का कहना था कि इस प्रकार मुख्यमंत्री का सादगी और अपनेपन के भाव के साथ उनसे मिलना उनके मिलनसार व्यक्तित्व की झलक दिखाता है।



करनाल। काफिला रुकवाकर ग्रामीणों का हालचाल लेते सीएम नायब सिंह।

## वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर लक्ष्य प्राप्त करें: प्रो. सुरेश मल्होत्रा

- महाराणा प्रताप उद्यान वि.वि. करनाल में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में बृहस्पतिवार को वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई, जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने विशेष तौर पर शिरकत की। समारोह में विद्यार्थियों, वैज्ञानिकों सहित विश्वविद्यालय स्टाफ ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उनकी जयंती न केवल एक उत्सव है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। इस समारोह में आपकी उपस्थिति ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महाराणा प्रताप जी के जीवन पर आधारित कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे समस्त वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के समापन पर डीन, पीजीएस एवं निदेशक अनुसंधान डॉ धरमपॉल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जिन्होंने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में विद्यार्थियों, वैज्ञानिकों सहित विश्वविद्यालय स्टाफ ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार सुरेश सैनी सहित वैज्ञानिक व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।



करनाल। मंच से सम्बोधित करते कुलपति प्रो सुरेश मल्होत्रा।

## आम आदमी की जिंदगी अब बनेगी पर्दे की कहानी

- केबल वन ओटीटी पर पंजाब की मिट्टी से जुड़ी 40 नई फिल्में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अब तक सिर्फ बड़े सितारों और बड़े बजट की कहानियाँ ओटीटी पर छाई रहती थीं, लेकिन अब आम आदमी की ज़िंदगी, संघर्ष और जज़्बातों को पर्दे पर लाने की शुरुआत हो गई है। भारत के नए ओटीटी प्लेटफॉर्म केबल वन ने पंजाब की मिट्टी से जुड़ी 40 नई फिल्मों का एलान किया है, जो आम लोगों की असली कहानियों पर आधारित होंगी।

केबल वन का यह प्रयास एक नई फिल्मी क्रांति की ओर इशारा करता है। प्लेटफॉर्म का कहना है कि यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि आम इंसान की पहचान को मंच देने की कोशिश है। इन फिल्मों में न कोई बनावटी चमक होगी और न ही झूठा ग्लैमर, बल्कि होंगे आम चेहरे, असली जज़्बात और ज़मीनी कहानियाँ। ओटीटी इंडस्ट्री में जहाँ ज्यादातर कंटेंट बड़े स्टार्स और भारी-भरकम सेटअप तक सीमित होता जा रहा है

केबल वन के प्रवक्ता के अनुसार, /"हम चाहते हैं कि देश के हर कोने की सच्ची कहानियाँ दुनिया तक पहुँचें। पंजाब से शुरू हुई यह यात्रा आगे और राज्यों तक जाएगी। यह सिर्फ एक प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि एक आंदोलन है।/" अब तक अनसुनी रहीं आम लोगों की कहानियाँ — गाँवों की ज़िंदगी, खेत-खलिहान के सपने, छोटे शहरों की बड़ी उम्मीदें — अब स्क्रीन पर उतरेंगी।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ने खिलाड़ियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

- एक्सीलेंस प्लेयर अवॉर्ड से हुए उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा इंटेग्रिटी प्लेज कैंपेन के अंतर्गत शहीद नायक हुशन लाल राणा खेल परिसर में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण एवं एक्सीलेंस प्लेयर अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजकों द्वारा नरेंद्र अरोड़ा, पवन शर्मा एवं नीरज गुनियाना का फूलमालाएं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य निदेशक करनाल नीरज गुनियाना ने की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने सभी खिलाड़ियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने उद्बोधन से प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर टाइटंस वॉलीबॉल अकादमी के उत्कृष्ट खिलाड़ियों आशीष चौहान, श्रुति, सलोनी, सुनिधि, खुशी, हिमांशी, प्राची, तन्नू, शीतल, सिमरन, तानिया, चिराग शर्मा, आर्यन, उदय सिंह, अनमोल, हर्ष, शुभम, सूर्या चौहान, प्रशांत,भूपिंदर सिंह को एक्सीलेंस प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज सेवी भवर सिंह राणा, चरण सिंह राणा बिजली बोर्ड कोच हरियाणा, कोच भरत राणा, कोच प्रमोद राणा, कोच बहादुर सिंह, रजनीश प्रेमखेड़ा, समाजसेवी सोनू बस्तली आदि उपस्थित रहे।

## स्वामिनाथन कमीशन की सिफारिशों के मुताबिक फसल का भाव दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



- घोषित एमएसपी बहुत कम : इन्दरजीत

खरीफ सीज़न 2025/26 के लिए सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य में बहुत कम बढ़ोतरी की है, जो कि धान की फसल पर मात्र 69 रुपये की बढ़ोतरी किसानों के ज़ख़्म पर नमक छिड़कने जैसा है। यह कहना है भारतिय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता इन्दरजीत सिंह गोराया का सरकार द्वारा नये समर्थन मूल्य की घोषणा होने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुवे कांग्रेस नेता इन्द्रजीत गोराया ने कहा कि हमारा इलाक़ा श्रेष्ठ व सर्वाधिक चावल उत्पादक क्षेत्र है जो की धान हमारी मुख्य फसल है इस फसल के रेट में मात्र 69 की वृद्धि नाकाफ़ी है क्योंकि धान की फसल के लागत मूल्य में बहुत बढ़ोतरी हुई है जबकि फसल का मूल्य उस अनुपात में नहीं बढ़ा इस बार जो नए भाव की घोषणा हुई है यह यह पिछले कुछ वर्षों सबसे कम है यह सरकार के किसान हितैषी होने के दावे पर सवालिया निशान भी है सरकार की इन्हीं ग़लत नीतियों की वजह से किसान क़र्ज़ रूपी दलदल से स्वयं को बाहर निकलने में असमर्थ महसूस कर रहा है

सरकार को चाहिए कि वह समर्थन मूल्य में वृद्धि स्वामिनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार करे या कम से कम तीन हज़ार प्रति क्विंटल दे कर किसान की आमदनी दोगुनी करने के अपने वादे की तरह एक कदम आगे बढ़ाए।

## हलका नीलोखेड़ी की सड़कों के निर्माण के लिए 46 करोड़ 31 लाख स्वीकृत

- विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हल्का नीलोखेड़ी की सडक़ों के लिए हरियाणा सरकार द्वारा 46 करोड़ 31 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। अब हल्का नीलोखेड़ी की सडक़ों को चौड़ा व नवीकरण होने से हल्के की सडक़ों के खड्डो से जनता को मुक्ति मिल जाएगी। एक पत्रकार वार्ता में हलका विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने बताया माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने हल्का नीलोखेड़ी की लगभग 56 सडक़ों के लिए 46 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत से चौड़ा व नवीकरण करने के लिए मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने इस सडक़ों की यह राशि स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा सरकार द्वारा राज्य में विकास कार्यों की लहर चली हुई है। हरियाणा में प्रत्येक हल्के में करोड़ों रुपए से विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा नायब सैनी के आशीर्वाद से हल्के में भी पूरे विकास कार्य जोरों शोरों से चल रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री नायब सैनी जी का आशीर्वाद है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, नपा अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



तरावड़ी। विधायक भगवान दास कबीरपंथी जानकारी देते हुए।

### किसानों की समस्याओं के समाधान को 15 दिन चलेगा अभियान

# सुविधाओं के लिए चलेगा कृषि संकल्प अभियान

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इसके चलते आईसीआर के विभिन्न प्रकोष्ठ, कृषि विभाग, मछली विभाग, पशुपालन विभाग व बागवानी सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी अलग अलग गांवों में जाकर किसानों को कृषि संबधी जानकारी देगें । आईएआरआई के वैज्ञानिक ड़ा. मुकेश ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उनके गांव तक पंहुचाना है। उन्होंने बताया कि आईसीआर का किसानों को गेहूं व जीरी का बीज देने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल है जिसमें आनलाईन आवेदन कर बीज लिया जा सकता है।

हमारा प्रयास है कि सभी किसानों को बीज मिल सके इसलिए पोर्टल शुरू किया गया है ताकि बिना किसी सिफारिश के हर एक किसान को बीज मिल सके। खंड कृषि अधिकारी डा अश्विनी कांबोज ने बताया कि कृषि विभाग के विभिन्न अधिकारी एक मंच पर इकट्ठा होकर किसानों की समस्याओं का निदान कर रहे है। यह अभियान 15 दिन तक चलेगा। एक दिन में तीन गांवों में कैंप लगाए जाएगें। उन्होंने बताया कि जोहड़ माजरा व मुरादगढ़ में यह अभियान चलाया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक ड़ा. सत्यवीर ने बताया कि हमारा संस्थान विभिन्न प्रकार के बीजों का उत्पादन करता है जोकि पूरे देश के किसानों के लिए बनाए जाते है। उन्होंने कहा कि हमारी विभिन्न फसलों की प्रजातियों को पूरे देश में किसानों द्वारा पैदा किया जाता है। पशुपालन विभाग के अधिकारी डा गौतम ने बताया कि आजकल के मौसम में पशुओं के खानपान की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है ताकि पशु स्वस्थ रह सके। उन्होंने बताया कि इस मौसम में बीमारियां बढ़ जाती है। दूध देने वाले पशुओं का ध्यान रखना ज्यादा जरूरी होता है। इसी प्रकार सर्दियों में पशुओं की विशेष देखभाल करने की जरूरत होती है।



इंद्री के गांव जोहडमाजरा मे किसानों को जानकारी देते डा अश्विनी कांबोज ।

## खबर संक्षेप

### तैराकी का ट्रायल तीन जून को

**पानीपत।** हरियाणा राज्य तैराकी के लिए ट्रायल चौधरी बलदेव सिंह तरणताल अकादमी काला आंब पर लोकल के लिए होगी। यह जानकारी देते हुए सुखवीर सिंह मलिक प्रधान पानीपत जिला तैराकी संघ एवं सचिव प्रवीण कादियान ने देते हुए बताया कि नेशनल तैराकी प्रतियोगिता सिनीयर जून माह में होने जा रही है। जिसके लिए 3 जून को ट्रायल होगी।

### सर्वसम्मति से कवल खुराना बने प्रधान

**पानीपत।** दा पानीपत हैंडलूम टेड्रस एसोसिएशन के प्रधान तिलक राज तिलक राज खट्टर पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहें हैं। एसोसिएशन के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। जिसमें सर्वसम्मति प्रधान कवल खुराना , उप प्रधान अरविन्द विरमानी, सचिव मदन लाल आहुजा, सह सचिव ईश गुलाटी, कोषाध्यक्ष सतपाल बतरा, सरपरस्त सावन सिंह दुआ, सरपरस्त मदन लाल बरेजा को बनाया गया है।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**समालखा।** आशा दीप आदर्श उच्च विद्यालय में मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के शिक्षाविद, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध नागरीक पहुंचे। वहीं मुख्य अतिथि शिक्षामंत्री हरियाणा महीपाल ढांडा ने शिरकत की और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस वर्ष घोषित मैट्रिक परीक्षा में आल हरियाणा में दूसरी रैंक प्राप्त करने वाले अक्षित सहरावत ने 500 में से 496 अंक प्राप्त कर शिक्षामंत्री से सम्मान प्राप्त किया।

### श्री सुखमणि साहिब का पाठ व कीर्तन आज

**पानीपत।** यमुना एक्लेव गुरूद्वारा श्री गुरुनानक देव सिंह सभा में श्री गुरु अर्जुनदेव जी के शहीदी दिवस के पर स्त्री सत्संग सभा द्वारा 40 दिन का श्री सुखमणि साहिब का पाठ व कीर्तन रखा गया था। जिसका भोग तीस मई डाला जाएगा। जिसमें शब्द कीर्तन के साथ गुरु का लंगर बांटा जाएगा।

### किसान विरोधी है भाजपा सरकार

**पानीपत।** इनेलो के जिला प्रधान कुलदीप राठी ने आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारें किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने फसलों के समर्थन मूल्य में मामूली बढ़ कर यह साबित कर दिया कि भाजपा की सरकारें कभी भी किसानों का भला नहीं करती। उन्होंने इनेलो की सरकार बनने पर किसान हित में कार्य किया जाएगा।

### पुलिस ने बाइक चोर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर को सेक्टर 24 में उझा मोड़ पर चोरी की बाइक सहित आशुतोष पुत्र शंकर निवासी झांसी यूपी गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी से चोरी की दो बाइक बरामद की है। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक नौ अप्रैल को नौल्था गांव में अड्डा पर दुकान के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकार। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना इसराना में जगमेंद्र पुत्र आजाद निवसी गांव नौल्था की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शराब तस्कर महिला पकड़ी, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने अमित पुत्र मनोज निवासी गांव पगरा जिला समस्तीपुर बिहार हाल अर्जुन नगर व थाना पुराना औद्योगिक पुलिस की टीम ने एक महिला को अवैध शराब की तस्करी करते व बेचते गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 90 बोतल देसी अवैध शराब बरामद हुई है। इनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### सट्टेबाज से 5140 रुपये बरामद

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने कृष्णा गार्डन कॉलोनी में सट्टा खाईवाली कर रहे अमरनाथ पुत्र राजदेव निवासी महुरिया मिरजापुर यूपी हाल कृष्णा गार्डन कॉलोनी को दाव पर लगी 5140 रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार किया।

---

### कैंप में अथितियों ने आर्य वीर व वीरांगनाओं को सम्मानित किया

# आर्य वीर बन कर देश, समाज मानवता की सेवा करें: सैनी

**देश, आर्य समाज के बलिदानियों का हमेशा ऋणी रहेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल में आर्य वीरांगना को सम्मानित करते हुए

आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक हरियाणा आर्य वीर दल और स्कूल प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय आर्य वीरदल प्रशिक्षण शिविर के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। समारोह में अतिथि के रूप में पानीपत नगर निगम महापौर कोमल सैनी, कर्ण सिंह ढांडा, राजबीर सिवाह, दीपांशु जागलान, योगेन्द्र सिंह आर्य, राजू ठेकेदार ने शिरकत की। शिविर में भाग लेने वाले आर्य वीरों और वीरांगनाओं को पुरस्कृत किया। वहीं, महापौर कोमल सैनी ने कहा कि गुलामी के दिनों में मुगलीय पाश्चात संस्कृति ने भारत की सत्य सनातन वैदिक संस्कृति को जो ठेस पहुंचाई थी उस वैदिक संस्कृति को पुनः स्थापित करने में आर्य समाज ने कठिन प्रयास किए और देश की आजादी के आंदोलन में आर्य समाजियों ने बलिदान दिया। इधर, स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि देश, आर्य समाज के बलिदानियों का हमेशा ऋणी रहेगा। वहीं, खुश नसीब है वो माता पिता जिन्होंने देश को संस्कारवान, विद्वान,राष्ट्रवादी नागरिक बनाने के लिए अपने बच्चों को इस शिविर में प्रवेश दिलवाया। उन्होंने कहा कि आज का युग भले ही विज्ञान और आधुनिक तकनीक का क्यों न हो फिर भी बच्चों को मोबाइल फोन को अपने आदत नहीं बनाना चाहिए बल्कि वेद विज्ञान को अपनाकर वैदिक जीवनशैली को अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर आचार्य राजकुमार शर्मा, स्कूल के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक, ओम दत्त आर्य, प्राचार्य डॉ अशोक आर्य हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के वेद प्रचारक रामनिवास आर्य, जयराम आर्य, करण आर्य, महावीर आर्य, उप प्राचार्य जगदीश, पीटीआई आशा अरोड़ा, दीक्षा, वंशिका, इशिका, दीप्ति, कपिल पाढा आदि उपस्थित रहे।

### पानीपत में यूपी निवासी दो व्यक्तियों से लूट

**पानीपत।** पानीपत में दो अलग-अलग जगहों पर दो लोगों से कैश और मोबाइल फोन लूट की वारदात को अंजाम दिया। दोनों जगहों पर उत्तर प्रदेश के लोगों को निशाना बनाया। एक लूटे हुए मोबाइल फोन से पैसे भी ट्रांसफर कर लिए। दोनों मामलों की शिकायत पीड़ितों ने पुलिस को दी है। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। किशनपुरा चौकी पुलिस को दी शिकायत में सारिफ ने बताया कि वह मूल रूप से जिला बिजनौरए उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। हाल में वह पानीपत की महावीर कॉलोनी में रहता है। 24 मई की दोपहर करीब सवा 12 बजे वह जाटल रोड से खाना लेकर महावीर कॉलोनी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे दो लडकों ने रोक लिया। उसे बातों में उलझा लिया और धोखे से उसका मोबाइल फोन ले लिया। फोन अपने साथ ले गए। उसके फोन में ऐप से 9200 रुपये ट्रांसफर कर निकाल लिए। सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में अफशरून ने बताया कि वह वह उत्तर प्रदेश के शामली का रहने वाला है। वह पराली ढोने का काम करता है। 27 मई को वह ट्रैक्टर में पराली लेकर रसलापुर से पानीपत सेक्टर 29 की एक फैक्ट्री में डालने जा रहा था। वह अपना ट्रैक्टर फैक्ट्री के सामने खड़ा कर फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान 2 बाइकों पर करीब 6 युवक वहां आए।



पानीपत। गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब में श्री सुखमणि साहिब का पाठ करते हुए श्रद्धालु।

# श्री सुखमणि साहिब के पाठ से मिलता है सुख: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

■ भाई गुरमुख सिंह ने गुरबाणी किर्तन द्वारा संगत को निहाल किया

गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाऊन में पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में संगत द्वारा किए जा रहे श्री सुखमणि साहिब के पाठ 39वें दिन में प्रवेश कर गए। वीरवार को को प्रसाद की सेवा जितेन्द्र सिंह व चेतन कपूर के परिवार की तरफ से की गई। भाई गुरमुख सिंह ने गुरबाणी किर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी सिखों के पांचवें गुरु थे। वे एक महान कवि भी थे, जिन्होंने 2,218 भजनों की रचना की। गुरु ग्रंथ साहिब में उनके भजनों का सबसे बड़ा संग्रह है। बिल्ला ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब सिखों के लिए एक मार्गदर्शन है, जो उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान, नैतिक मार्गदर्शन और जीवन जीने के सिद्धांतों से परिचित कराता है। इस अवसर पर श्याम सिंह, जीवन सिंह, कनिका अरोड़ा, मनजीत कौर, कशिश मल्होत्रा, बवली कौर, राजरानी, सरोजतारा, रुबी कौर, हरकृष्ण कौर आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। सर्व ब्राह्मण समाज पदाधिकारी प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बच्चा शिक्षित हो इसके लिए सामाजिक प्रयास हो : कौशिक

**पानीपत।** सर्व ब्राह्मण समाज ने स्काईलार्क में बैठक की। जिसका संचालन समाज के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राजेश कौशिक ने किया। जिला प्रधान सुलेंद्र शर्मा और महासचिव एडवोकेट डीके पंडित ने कहा कि भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के दिन मनाई जाती है। उस समय ऑपरेशन सिंदूर के चलते आयोजन नहीं किए जा सके। सर्व ब्राह्मण समाज ने 29 जून को परशुराम जयंती पर कार्यक्रम करने का फैसला लिया है। इनके साथ चंद्रशेखर आजाद, सदाशिव भाऊ और विश्वास राव की जयंती भी मनाई जाएगी। इसके साथ समाज के 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर रामरतन शर्मा, धर्मबीर शर्मा, रामचंद्र शर्मा, कृष्ण दत्त और जेपी गौड़ ने कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की की राह है। वहीं हर बच्चा शिक्षित हो इसके लिए सामाजिक प्रयास होने चाहिए।

*शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया*

# पीएनबी के रिटायर अधिकारियों ने शहीदों को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पीएनबी पैंशनर्स एवं रिटायरिज एसो. के पदाधिकारीगण बुजुर्गों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पंजाब नेशनल बैंक पैंशनर्स एवं रिटायरिज एसोसिएशन पानीपत मंडल की बैठक जीएल कुकरेजा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पहलगाम के शहीदों व सेवानिवृत कर्मचारियों की मृत्यू उपरांत उन्हें दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं एसोशिएसन के 70 व 75 वर्ष के हो चुके सदस्यों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जबकि नए सदस्यों का फूलों के गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया। सचिव ओपी अरोड़ा द्वारा पैंशनर्स के सामने आने वाली समस्याओं व आगामी रूपरेखा से अवगत कराया गया। जबकि बीमा पालिसी प्रीमियम बैंक द्वारा नहीं देने पर रोष जताया गया। बैठक में अशोक खुंगर, चेयरमैन सोनीपत से एमसी पाल, वीके मित्तल, आरसी वर्मा, राजेश चोपड़ा, बीके त्यागी, रामचन्द्र शर्मा, रामनारायण शर्मा, एमके बत्तरा व टेकचंद दहिया आदि मौजूद रहे।



पानीपत। मैक्स फैशन ने नया कलेक्शन लॉन्च करते हुए अथितिगण। फोटो : हरिभूमि

### मैक्स फैशन ने नया कलेक्शन लॉन्च किया

**पानीपत।** मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चंदना ने कहा डिज़नी के लिलो एंड स्टिच की थिएटर में रिलीज़ से पहले मैक्स फैशन ने किड्स, टीन्स एवं यूथ के लिए अपने नए कलेक्शन को लॉन्च किया है। यह शानदार कलेक्शन आईलैंउ भावना एवं ट्रॉपिकल आकर्षण के साथ अपने प्रशंसकों को नए और रोमांचक स्टाइल्स लेकर आया है। उन्होंने कहा कि क्लासिक कहानियों से प्रेरणा लेना हमारे युवा उपभोक्ताओं को हमारे कलेक्शन के साथ जोड़ने का अच्छा तरीका है। 'लिलो एण्ड स्टिच' थीम पर आधारित यह नया कलेक्शन डिज़नी के साथ हमारी मजबूत क्रिएटिव साझेदारी की पुष्टि करता है।

# जैसा खाएंगे अन्न वैसा होगा मन : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। योग शिविर के दौरान योग साधक व शिक्षक प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक घर-घर योग पहुंचने के लिए अलग-अलग पार्कों में योग शिविरों का आयोजन लगातार कर रही है। इस कड़ी में एक योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर मार्केट कमेटी एग्रो माल के पीछे पार्क में 28 मई से 1 जून तक लगाया जा रहा है। आज शिविर के दूसरे दिन पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा ने योगाभ्यास के अंतर्गत 21 जून को होने वाले प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। वहीं प्राकृतिक चिकित्सा में वायु और जल चिकित्सा के बारे में डेमोंसट्रेशन देते हुए सबको बगैर दवाई के अपने रोगों को दूर करने के लिए इलाज बताया गया। पतंजलि किसान प्रभारी रामपाल शर्मा ने खानपान और घर में सब्जियां उगाने के लिए प्रेरित किया। ई उन्होंने बताया कि हमारा मन वैसा हो जाता है जैसा अन्न हम कहते हैं कहते हैं। इस अवसर पर सुदेश शर्मा, राज दहिया, रेखा, दीप्ति, मीनू, मंजू, रेनू, निशा, बिमला, पूनम, रिंकु, अंजू, मंजू वर्मा व शकुंतला आदि उपस्थित रहे।

*चुनाव एक साथ होने से देश के संसाधनों की बचत होगी*

# देश के विकास में बाधा बन जाता है बार बार चुनाव होना: ईश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एक राष्ट्र एक चुनाव पर चर्चा करते हुए ईश कुमार राणा। फोटो : हरिभूमि

एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहीम के तहत मॉडल टाउन गांधी कॉलोनी स्थित वंडर अकेडमी में एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक ईश कुमार राणा ने अकेडमी एवं जिम संचालको की एक बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता पार्षद रॉकी गहलोत ने की। मुख्य वक्ता ईश कुमार राणा तथा विशिष्ट वक्ता भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंदर तुषामड रहे। बैठक के संयोजक वंडर अकेडमी के संचालक जोन रहे तथा सह संयोजक राजन पासवान रहे। ईश कुमार राणा ने कहा कि लोकसभा तथा विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से देश के संसाधनों की बचत होगी। बार-बार चुनाव होने से हमारे पुलिस बल, अर्ध सैनिक बल तथा सेना का चुनावी ड्यूटी में लगना देश की रक्षा तथा सुरक्षा को प्रभावित करता है। उस्ताद रमेश यादव शेरू तथा शशि कपूर ने आश्वासन दिया की जिम तथा अकेडमी संचालक एक राष्ट्र एक चुनाव मुहीम में अपना पूरा योगदान देंगे। इस अवसर पर रोहित बडगुज्जर, अरुण पासी रोहन वर्मा, राहुल पंवार तथा अजय मौजूद रहे।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में समर कैंप आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम सेक्टर-3 मे बच्चों के लिए एक रंगारंग और आनंददायक समर कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मक रूप से व्यस्त रखते हुए, उनके व्यक्तित्व और कौशल विकास को प्रोत्साहित करना था। कैंप के दौरान बच्चों ने जुम्बा, योगा, फ्लेमलेस कुकिंग, क्ले मॉडलिंग, लेमोनेड मेकिंग जैसी गतिविधियों में पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इन गतिविधियों ने बच्चों की शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक क्षमताओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक प्रभावी माध्यम होता है। यह न केवल उन्हें नई चीजें सीखने और अपनी प्रतिभा को पहचानने का अवसर देता है, बल्कि आत्मनिर्भरता, सहयोग, नेतृत्व और आत्मविश्वास जैसी जीवन कौशलों को भी विकसित करता है। साथ ही, यह छुट्टियों को सार्थक और यादगार बनाने में सहायक होता है। इस सफल आयोजन को शिक्षिकाओं जय, इशिका, मोनिका, पूनम, मनीषा, अंजलि और प्रिया ने अपने समर्पण और टीमवर्क से और भी खास बना दिया।

# मोबाइल टावर से बैटरियां व अनाज मंडी से बाइक चोरी

**इसराना।** मतलौडा क्षेत्र में चोरी की कई घनाएं सामने आई हैं। पहली घटना में चोर मोबाइल टावर की बैटरी चुरा ले गए। गांव अदियाना निवासी संदीप पुत्र रामभज, जो आरएस कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं ने बताया कि उनकी कंपनी हिंदुस्तान कंपनी के लिए काम करती है। 15 मई को कंपनी का टेक्नीशियन अलवर आसान रोड स्थित टावर की जांच के लिए गया, तो उसे टावर के केबिन का ताला टूटा मिला। जांच में पता चला कि टावर की 48 सेल वाली बैटरी चोरी हो गई है। 28 मई को मामले की शिकायत थर्मल पुलिस चौकी में दी गई है। जबकि दूसरी घटना इसराना की पुरानी अनाज मंडी की है। बंसी पुत्र जय किशन ने बताया कि वह किसी काम से मंडी गए थे, जहां उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल नंबर एच 06 एपी 6591 खड़ी की थी। काम से लौटने पर बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने थाना इसराना में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो चोरों से छह वारदातों का खुलासा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने लूट, स्नेचिंग व दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के दो आरोपियों रिसालू निवासी साहिल पुत्र राजेंद्र व एकता विहार कॉलोनी निवासी कर्ण पुत्र बुधपाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट, स्नेचिंग व दो पहिया वाहन चोरी की छह वारदातों का खुलासा हुआ है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि बाइक लूट की वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में यूपी के शामली के बिंदडा गांव निवासी विक्रमपाल पुत्र फगन सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हिमगिरि पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित

# गर्व के साथ हिंदी का प्रयोग करें विद्यार्थी

■ कैंप में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियां कराई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। हिमगिरि स्कूल के मेधावी विद्यार्थी अपनी अध्यापिका के साथ।

भारतीय राजभाषा समर कैंप के अंतर्गत हिमगिरि पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में बच्चों को हिंदी भाषा की महत्ता से अवगत कराया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियां कराई गई।

वहीं, कैंप के दौरान बच्चों ने संस्कृत में श्लोक प्रस्तुतीकरण, हनुमान चालीसा गायन, कविता लेखन, निबंध प्रतियोगिता, कहानी लेखन, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, संवाद लेखन और समूह चर्चा जैसी गतिविधियों में भाग लिया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य रितु लठवाल के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के प्रमुख शालू कालड़ा की देखरेख में ये गतिविधियां हुई जिसमें निशा जैन, वंदना, रेणुका, पूजा गर्ग, प्रीति रोहिला आदि अध्यापकगणों ने अपनी भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम व समझ विकसित करना था। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने कहा कि "हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की पहचान है। ऐसे कैंप बच्चों को अपनी भाषा से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करते हैं।

### हादसे में बाइक चालक घायल

**पानीपत।** चांदनी बाग थाने के सामने अग्रसेन चौक पर आज एक तेज रफ्तार बेकाबू कार का कहर देखने को मिला। सनौली रोड की ओर से आई एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद करीब 150 मीटर दूर तक कार वाला बाइक को घसीटता ले गया। हादसा यहीं नहीं रुका, बाइक को टक्कर मारने के बाद कार वहां एक टपरी भी जा घुसी। वहां लगे पत्थरों से टकराकर कार रूक गई। हादसे के बाद कार चालक मौके पर कार छोडकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रोहतक नंबर की कार ने यह हादसा किया है। कार ने समालखा नंबर की एक काली स्पलेंडर बाइक को पीछे से टक्कर मारी। कार के अगले हिस्से में बाइक अटक गई, जिसे कार चालक दूर तक घसीटता ले गया। कार अग्रसेन चौक पर फुटपाथ पर बनी चाय की टपरी में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार एक युवक के घायल होने की सूचना है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ी चालक नशे में धुत प्रतीत हो रहा था जोकि हादसे के बाद फरार हो गया।



### वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर रक्तदान कर श्रद्धांजलि दी

**कुरुक्षेत्र।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर श्रीमैढ़ क्षत्रिय सुनार धर्मशाला में 544 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। श्री मैढ़ क्षत्रिय सुनार धर्मशाला के प्रधान राम कुमार, प्रबंधक राम कुमार और सलाहकार महावीर वर्मा ने सामूहिक रूप से शिविर का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मानव मित्र मंडल के प्रधान और रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश एवं प्रयास फाउंडेशन के प्रधान एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी मुख्य रूप से पधारे हुए थे जबकि प्रेरणा समिति हरियाणा के महासचिव डॉ. अरुण धीमान और समाजसेवी प्रशांत शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। शिविर में विकास कुमार, प्रशांत शर्मा, देवी लाल, नवीन वर्मा 37 वीं बार, कंवलजीत सिंह, राम कुमार, नरेश कुमार 36 वीं बार, साहिल वर्मा, रोबिन वर्मा, विपिन, जॉनी, विनोद कुमार, मदन लाल, महावीर वर्मा, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार, पवन वर्मा सहित 18 युवाओं ने रक्तदान के माध्यम से महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधान राम कुमार, प्रबंधक राम कुमार, मुख्य सलाहकार महावीर वर्मा, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक राम किशन, पवन कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सत्यनारायण वर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तेपला में होगा रात्रि ठहराव

**अंबाला।** गांव तेपला के सामुदायिक केंद्र में 30 को सांय 5 बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने का काम करेंगे। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इसके लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीण अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रख पाएंगे।

### 12 को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### 180 गांवों में चलेगा अभियान

**अंबाला।** कृषि विज्ञान केंद्र तेपला में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ प्रभारी डॉ. उपासना सिंह ने बताया कि देश के 700 जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में भी साहा, शहजादपुर, अंबाला 1 एवं 2, बराड़ा एवं नारायणगढ़ के 180 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से 5 हजार रूपये नकद, 2 चांदी पाजेब और चांदी की अंगूठी बरामद की गई है। छबियाना मोहल्ले के कुलविंदर सिंह ने 27 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह गुग्गा माड़ी गया था। सुबह घर आया तो घर का सारा सामान बिखरा मिला। किसी आरोपी ने घर से सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### 20 ग्राम हेरोइन के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र विकलांग सेवा केंद्र के सामने से नशा तस्करी के मामले में 28 मई 2025 को एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी सूरज को 20 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। 28 मई 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उससे 20 ग्राम हैरोइन बरामद की।

## मुख्यमंत्री ने की अनेक बड़ी घोषणाएं, असंध बाइपास के सुदृढ़ीकरण के लिए दिए 9 करोड़ रुपये

# करनाल: सालवन में मनी महाराणा प्रताप जयंती

असंध में महाराणा प्रताप धर्मशाला बनवाने के लिए 21 लाख रुपये, कोहंड से असंध सड़क की स्पेशल रिपेयर के लिए 34 करोड़ 37 लाख रुपये की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सर्व समाज की भागीदारी रही। जिला करनाल के गांव सालवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि वे केवल योद्धा ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, शौर्य और बलिदान के जीवंत प्रतीक हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सालवन गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम मोहन सिंह के नाम पर करने की घोषणा की। असंध में महाराणा प्रताप धर्मशाला बनवाने के लिए 21 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सालवन द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने पर खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। असंध में एचएसवीपी का सेक्टर विकसित करने के संबंध में फिजिबिलिटी चैक करवाकर इसे विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने असंध विधानसभा क्षेत्र की 54 सड़कों, जिनकी लंबाई 186 किलोमीटर है, उनकी स्पेशल रिपेयर के लिए 88 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, 16 अन्य सड़कों, जिनकी लंबाई 91.49किलोमीटर है, की भी स्पेशल रिपेयर करवाई जाएगी। साथ ही, 123 किलोमीटर लंबाई की 41 अन्य सड़कों को भी ठीक करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव सालवन से निकल रही ड्रेन को भी पक्का किया जाएगा। श्री नायब सिंह सैनी ने असंध बाइपास के सुदृढ़ीकरण के लिए 9 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। कोहंड से असंध रोड की स्पेशल रिपेयर के लिए 34 करोड़ 37 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि करनाल असंध रोड गांव जुंडला, जलमाणा में बाईपास के कार्य को भारत सरकार को भेज कर जल्द मंजूर करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने असंध विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की । इसके अलावा, असंध विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की।

**भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर:** श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जब हम भारतीय संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं तो उसके मूल सिद्धांतों में स्वतंत्रता, समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। यह महाराणा प्रताप जैसे स्वराज के पुरोधाओं, अपने गौरवशाली अतीत, संघर्षशील स्वतंत्रता सेनानियों और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान के मंत्र के साथ, भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को बताना है कि किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। महाराणा प्रताप जी की तरह, हमें भी अपने मूल्यों, संस्कृति और देश की स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। हमें अपने संविधान की रक्षा करनी है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक श्री रामकुमार कश्यप, श्री सतपाल जांबा, श्री भगवान दास कबीरपंथी, राजस्थान के शिव विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्री रविंद्र भाटी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री सुरेश राणा सहित अन्य गणमान्य व बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आए लोग उपस्थित रहे।

### जो समाज एवं राष्ट्र अपने महापुरुषों को याद करता है वह समृद्धि और प्रगति की ओर होता है अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो समाज एवं राष्ट्र अपने महापुरुषों, वीरों व शहीदों को याद करता है, उनका सम्मान करता है, वह सदा समृद्धि और प्रगति की ओर अग्रसर होता है। इसलिए, हमारी सरकार ने संतों-महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाने की पहल की। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले, केवल अपने परिवारों के महापुरुषों को ही याद किया जाता था। समाज से उन्हें कोई सरोकार नहीं था। उन्होंने वीर सपूत महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महापुरुष पूरे राष्ट्र की धरोहर होते हैं, उनका व्यक्तित्व हमें देशभक्ति, आपसी भाईचारे और एकता की महान परंपराओं को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप सिर्फ इतिहास की उन विभूतियों में से एक हैं, जिन्होंने न कभी झुकना सीखा और न ही कभी हार मानना सीखा। वे हमारे योद्धाओं, शासकों और युवाओं की प्रेरणा हैं।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने जब शासन संभाला तो मुगल सम्राट अकबर ने उन्हें चार बार अधीनता स्वीकार करने को कहा, लेकिन उन्होंने अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध इतिहास के पन्नों में केवल एक लड़ाई नहीं, बल्कि संस्कृति बनाम सत्ता, स्वाभिमान बनाम साम्राज्यवाद और धर्म-अधर्म का संघर्ष था। इस युद्ध में 8 हजार राजपूत वीरों ने 40 हजार मुगलों को परास्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें संदेश देता है कि जब तक स्वाभिमान जीवित है, तब तक आत्मा जीवित है। वे एक ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने जंगलों में कष्ट सहकर भी मातृभूमि के स्वाभिमान को झुकने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने इतिहास को स्वदेशी नजरिये से देखने की आवश्यकता है। विदेशी नजरिये में इतिहास के अंदर कुछ इतिहासकार अकबर को विजयी दिखाते रहे हैं, लेकिन हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप विजय हुए हैं।

### महाराणा प्रताप युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत: श्याम सिंह राणा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने समाज व राष्ट्र के लिए जो कार्य किए हैं, युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने अकबर के साथ कभी समझौता नहीं किया। महाराणा प्रताप के शौर्य का उदाहरण दुनिया के नेता देते हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के शासन काल में जो डेवलपमेंट के कार्य हुए, वो हमारे लिए सतत प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म ऐसे समय में हुआ, जब भारत की गौरवशाली संस्कृति को नष्ट किया जा रहा था। लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही थी। यह गौरव की बात है कि महाराणा प्रताप जैसे महापुरुष का जन्म बहादुर राजपूत कौम में हुआ। भारत की आन, बान और शान की रक्षा के लिए कुर्बानी देने वालों में राजपूत समाज का अग्रणी स्थान है। कार्यक्रम में विधायक श्री योगेंद्र राणा ने हल्के के विकास संबंधी अनेक मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिन्हें मुख्यमंत्री ने पूरा करने का आश्वासन दिया।

## कोरोना को लेकर अलर्ट, रैपिड किट से मरीजों की जांच शुरू

- सीएमओ बोले अभी कोरोना का कोई मामला सामने नहीं आया, लक्षण पाए जाने पर मरीजों की जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। इसी वजह से कोरोना मरीजों की जांच शुरू करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। अस्पतालों को कोरोना के मद्देनजर एहतियात बरतने को कहा गया है। साथ ही किसी भी मरीज में कोई लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने को कहा गया है। सीएमओ राकेश सहल ने बताया कि जिले में अभी तक कोरोना का कोई मामला नहीं मिला है लेकिन एहतियात के तौर पर उन्होंने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि कोविड की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उनके पास फिलहाल पर्याप्त संसाधन हैं। सीएमओ ने बताया कि अंबाला में वीरवार से रैपिड किट से जांच शुरू हो जाएगी। इसके लिए उन्होंने रैपिड किट काफी संख्या में मंगा कर रख ली हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर मरीज तुरंत जांच कराए। उन्होंने कहा कि कोविड के लिए कोई भी जरा भी ढिलाई न बरते। सीएमओ ने बताया कि कोरोना को देखते हुए जिले में विशेष तैयारियां की गई हैं। अंबाला शहर और अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में कोविड के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है।

## पूर्व मंत्री ने सुनी लोगों की शिकायतें, बोले हर शिकायत पर हो कार्रवाई



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

- मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर कसे तंज, कहा राहुल गांधी के हरियाणा आने से 2029 में चौथी बार बनेगी भाजपा की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने निवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान गोयल ने अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों से आए सैंकड़ों लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निपटान किया। प्रदेश की भाजपा सरकार और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रति इलाके की जनता का विश्वास किस कदर बढ़ता जा रहा है। ऐसे में बढ़ती भीड़ को देखते हुए असीम गोयल खुद उठकर जनता के बीच जा पहुंचे। एक एक कर सभी की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही निपटान किया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए असीम गोयल ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

### सद्बुद्धि के लिए होना चाहिए यज्ञ

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा के सिंदूर उपहार पर इन दिनों सियासत गर्म है। विपक्षी दल और नेता इस मुद्दे पर एक के बाद एक कर कई सवाल खड़े कर रहे हैं। जिसके बाद अब भाजपा नेता भी सवाल उठा रहे विरोधियों को खूब घेरते हुए नजर आ रहे हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इस मुद्दे पर विरोधियों को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सिंदूर माताओं बहनों के सुहाग और अस्मिता का प्रतीक है और उसी सुहाग को जब आतंकवादियों ने चैलेंज किया, तब हमारे पीएम ने आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए देश की दो वीर बहनों को चुना। हमारी तीनों सेनाओं ने आतंक को ऐसा करारा जवाब दिया है कि आतंकवाद की रूह तक कांप गई है। गोयल ने कहा कि सिंदूर को लेकर राजनीति कर रहे कांग्रेसियों व अन्य विरोधी दलों के लिए एक सद्बुद्धि का यज्ञ भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी प्रदेश में कांग्रेस की गुटबाजी दूर करने के लिए और संगठन के विस्तार के लिए खुद हरियाणा आ रहे हैं लेकिन यहां आने से पहले ही राहुल गांधी भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अब तक अपने केंद्र की गुटबाजी तो खत्म कर नहीं पाए। अब तक ये खड़गे को पूर्ण अध्यक्ष का दर्जा नहीं दे पाए। कांग्रेस में जूतों में दाल कैसे बंट रही है। इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण हरियाणा है। गोयल ने कहा कि राहुल का हरियाणा में स्वागत है। उनके आने से 2029 में हमारी जीत और बड़ी निश्चित हो जाएगी। सुरजेवाला के आरोपों पर भी पूर्व मंत्री असीम गोयल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला शायद अपना समय भूल गए हैं। जब थाने में किसी व्यक्ति की एफआईआर दर्ज नहीं की जाती थी। कांग्रेसियों ने अपने गुर्गे पाले हुए थे । लेकिन मनोहर लाल के मुख्यमंत्री बनते ही जीरो एफआईआर की प्रथा शुरू हुई,महिलाओं को आत्मसम्मान देने के लिए महिला थाने खोले । इसलिए एफआईआर की संख्या जरूर बढ़ी लेकिन यह बिल्कुल भी मानने योग्य नहीं है कि अपराध बढ़ा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा था कि यह सरकार ज्ञान यानी गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी को समर्पित होगी। लेकिन विपक्षी अपने हितों के लिए हमेशा भ्रामक प्रचार ही करते आए हैं। गोयल ने पड़ोसी राज्य पंजाब की एमएलए पर तंज कसते हुए कहा कि एक समय था जब ये चुटकी बजाकर 5 मिनट में एमएसपी लागू करने की बात कहते थे।अब वो चुटकियां नजर नहीं आ रही हैं।

## अंडरपास में लाइट्स काफी समय से पड़ीं बंद, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कस्बे के अंडरपास में पिछले कई दिनों से लाइटें बंद पड़ी हुई हैं, जिससे राहगीरों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे में डूबे इस अंडरपास से रात के समय गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत नगरपालिका को दी जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।गौरतलब है कि यह अंडरपास बराड़ा की मुख्य सड़कों को जोड़ने वाला एक महत्त्वपूर्ण मार्ग है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं। स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं व वरिष्ठ नागरिक भी इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। लाइटें बंद होने के कारण अंडरपास पूरी तरह से अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे लोगों को डर और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

### लाइटें जल्द होगी ठीक

*अंडरपास की लाइटें बंद होने की शिकायत उनके पास आई है। बंद पड़ी लाइटों को शीघ्र अतिशीघ्र ठीक करवा दिया जाएगा ताकि यहां से निकलने वाले वाहन चालकों व खासकर पैदल निकलने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। 400 नई लाइटें भी कुछ दिनों में आ जाएंगी जिनको अलग-अलग स्थानों पर लगाया जाएगा।*

***-रजत मलिक, अध्यक्ष, नगरपालिका ।***

### शाम ढलते ही छा जाता है अंधेरा

बता दें कि कस्बे के मुख्य बाजार से अधोया की तरफ़ तथा अधोया से मुख्य बाज़ार में जाने के लिए ज़्यादातर लोग इसी अंडरपास का इस्तेमाल करते हैं। शाम ढलते ही अंडरपास में अंधेरा छा जाता है जिससे कभी भी कोई दुर्घटना या आपराधिक घटना घट सकती है। महिला सुनीता देवी, मंजीत कौर, दलजीत कौर ने बताया कि अंडरपास में लाइट के न जगने की वजह से शाम को अंधेरा छा जाता है, जिससे रात को ख़ासकर महिलाओं को अंडरपास से निकलने में डर लगता है। महिलाओं को बहुत असुविधा हो रही है।अंधेरे के कारण न केवल दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी है, बल्कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का भी खतरा बना हुआ है। कई बार लोगों ने देखा है कि अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ युवक वहां जमा हो जाते हैं, जिससे माहौल असुरक्षित लगने लगता है। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शिकायतों के बावजूद ना तो कोई निरीक्षण किया गया और न ही लाइटों की मरम्मत के लिए कोई कदम उठाया गया है। इससे लोगों में नाराजगी और असंतोष का माहौल बनता जा रहा है। नागरिकों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द अंडरपास की लाइटों को ठीक करवाए ताकि राहगीरों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन सुनिश्चित हो सके। साथ ही भविष्य में नियमित निरीक्षण कर ऐसी समस्याओं से बचाव किया जाए।यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो लोग आंदोलन करने पर भी मजबूर हो सकते हैं।

## नए शिक्षा सत्र में छात्रों को मिलेंगे नए पाठ्यक्रम

- पूर्व विधायक ने सीएम नायब सैनी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। पूर्व विधायक का धन्यवाद करते कॉलेज के इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र ढींगरा।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के प्रयासों से क्षेत्र के उच्च शिक्षा संस्थानों में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई है। इस शैक्षणिक सत्र से राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में बीबीए., बीए. (मेजर विद इंग्लिश), एमएससी. कंप्यूटर साइंस और एमए पॉलिटिकल साइंस जैसे कोर्स प्रारंभ हो गए हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर में बीएससी (मेडिकल) और एमए (साइकोलॉजी) की शुरुआत की गई है, जो विशेष रूप से क्षेत्र की छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खोलेंगे। इन कोर्सों की मंजूरी के लिए डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उच्चतर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से विशेष अनुरोध किया था। उनके सकारात्मक सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी है। सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि, यह निर्णय क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा के क्षेत्र में यह विकास युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बढने के अवसर प्रदान करेगा। यह पहल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। बता दें कि 9 जून तक विद्यार्थी दाखिले के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते है।

## पति की मौत के बाद सांझे मकान से महिला को जेठ ने बाहर निकाला था

# बुजुर्ग महिला का सामान घर से बाहर फेंकने वाले पर केस के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। छावनी बीडी फ्लोर मील क्षेत्र से आई बुजुर्ग महिला ने बताया कि उसके मकान का केस कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने उसके हक में निर्णय दिया था, मगर इसके बावजूद कुछ लोगों ने जबरन उसका सामान घर से बाहर फेंककर निकाल दिया। मंत्री अनिल विज ने इस पर मौके पर मौजूद डीएसपी को महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह श्याम नगर की महिला ने शिकायत में कहा कि उसके पति की गत दिनों मृत्यु हो गई थी। वह सांझे मकान में रहती थी, मगर पति की मृत्यु के बाद उसके जेठ ने जबरन उसे घर से निकाल दिया। मंत्री ने पुलिस को इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। छावनी के ही व्यक्ति ने विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी को कनाडा भेजने के लिए जगाधरी स्थित एजेंटों से संपर्क किया था। एजेंटों ने पहले आश्वासन दिया कि वह उसकी बेटी को कनाडा भेज देंगे। मगर बाद में एजेंटों ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में वह उसकी बेटी को वर्क वीजा पर भेज देंगे। उन्होंने अपनी बेटी के कागजात एजेंट को दिए और सिक्योरिटी के तौर पर ढाई लाख रुपए भी जमा कराए। मगर आज तक न तो उसकी बेटी को ऑस्ट्रेलिया भेजा गया और न ही उसकी राशि वापस की गई। मंत्री ने मामले में एसपी यमुनानगर को शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह लालकुर्ती से आई महिला ने उसकी बुढ़ावा पेंशन शुरू नहीं होने, गली में पानी निकासी नहीं होने, डिसेंट कॉलोनी में घर का उसका नक्शा पास नहीं होने, खोजकीपुर के व्यक्ति ने उसकी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत पर भी मंत्री ने कार्रवाई के आदेश दिए। मोची मंडी के लोगों ने क्षेत्र अवैध तरीके से मोबाइल टॉवर लगने की शिकायत दी।

### मंत्री अनिल विज ने विकास कार्यों की समीक्षा की

वीरवार को मंत्री अनिल विज ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अधिकारियों व नप सदस्यों की मीटिंग ली। उन्होंने कहा कि नप सदस्य शहर में सफाई व्यवस्था पर पूरा फोकस करें। जहां-जहां पर सफाई करानी है उस संबंध में नगर परिषद के साथ मिलकर किए जाए।उन्होंने कहा कि नगर परिषद में जो भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर आए उस शिकायत पत्र को कंप्यूटर पर अपडेट किया जाए ताकि शिकायतकर्ता को शिकायत की स्थिति का पता चल सके। विज ने कहा कि बरसातों का सीजन अब नजदीक आ गया है इसलिए अंबाला छावनी के मुख्य नालों व नालियों में सफाई का काम युद्ध स्तर पर किया जाए। मशीनों के जरिए स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइनों में सफाई की जाए साथ ही नालियों से गाद व अन्य कार्य पूरे किए जाए। उन्होंने कहा जरूरत पड़ने पर सफाई कर्मियों की संख्या में बढ़ाया जाए ताकि बरसातों से पहले नालों में सफाई के कार्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्य की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को तय नियमों के अनुसार कूड़ा गली-मोहल्लों व घरों से उठाने के दिशा-निर्देश दिए।

## पूर्व मंत्री से मिले निगम कर्मचारी



अंबाला। पूर्व मंत्री से मुलाकात करते नगर निगम कर्मचारी।

**अंबाला।** हरियाणा कौशल रोजगार के तहत नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों को इन दिनों जॉब सिक्योरिटी की चिंता सता रही थी। इसी को लेकर वीरवार को कर्मचारी अपनी समस्या को लेकर पूर्व मंत्री असीम गोयल से मिले। गोयल ने कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्या को सुना और उनके लिए तुरंत नगर निगम कमिश्नर को फोन कर निर्देश दिए कि किसी भी कर्मचारी को नौकरी से संबंधित दिक्कत न आए। सरकार द्वारा जारी आदेशों को लागू किया जाए। गोयल ने बताया कि कर्मचारी उनसे मिले है। अधिकारियों को बोल दिया गया है कि किसी को भी जॉब को लेकर दिक्कत नही आनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी के इसको लेकर सीधे आदेश हैं। पूर्व मंत्री से मिलने के बाद निगम कर्मचारी काफी आश्वस्त और प्रसन्न दिखाई दिए। कर्मियों ने बताया कि जिस आस और उम्मीद के साथ वो पूर्व मंत्री असीम गोयल से मिलने पहुंचे थे।